53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 25.8°c | अधिकतम 36.6°c

अमृतवाणी
अपने अंदर के डर को आज ही खत्म कर दो, वरना कल यही डर आपको खत्म कर देगा।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:24, सूर्यास्त - 7:07 | वर्ष : 53/ अंक : 138 | मंगलवार, 20 मई 2025 | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, सप्तमी, अष्टमी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

यह मुज़फ़्फ़रनगर है...
जिसने अपने पिता और चाचा का सम्मान नहीं किया उससे भला क्या उम्मीद की जा सकती है : ओमप्रकाश राजभर




यह बात जनता आठ-दस साल पहले ही समझ गयी थी......

# पुरानी रंजिश में किसान को गोलियों से भूनकर उतारा मौत के घाट

## हत्यारों ने इंस्टाग्राम पर घटना के बाद की वीडियो अपलोड कर कुछ देर बाद की डिलीट







**बुढ़ाना, 19 मई (बु.)।** गांव के ही दो युवकों ने पुरानी रंजिश के तहत एक किसान को उसके ही खेत में घेरकर गोलियां बरसाकर मौत के घाट उतार दिया और घटना के बाद का अपना और मृतक का एक वीडियो बनाकर उसको कुछ देर के लिए इंस्टाग्राम पर डालकर डिलीट कर दिया। जिसमें कुछ लोगों ने वीडियो देखा और वे लोकेशन के आधार पर मौके पर पहुंचे, तो किसान खून से लथपथ मृत अवस्था में पड़ा था। तीन चार गोलियां उसके जिस्म में धंसी थी। इस घटना की सूचना पुलिस को मिली, तो पुलिस में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजकर हत्यारों की तलाश में दो टीम गठित कर दी। बताया जाता है कि स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के गांव माजरा निवासी-54 वर्षीय रविंद्र पुत्र ब्रजपाल सिंह सोमवार की सायं घर के पास ही स्थित अपने खेत पर अकेले पैदल ही जा रहा था। जब वह अपने खेत में पहुंचा, तो पड़ोसी निखिल नामक युवक ने अपने एक अन्य साथी की मदद से रविंद्र को पकड़ लिया और उसके कान के पीछे, छाती और गले में गोली मारकर मोके पर ही मौत के घाट उतार दिया और वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दी, लेकिन कुछ ही देर बाद उन्होने वह वीडियो इंस्टाग्राम से हटा दी, लेकिन गांव के कुछ युवक उस वीडियो को सेव्ड तो नहीं कर सके, लेकिन उन्होने वीडियो देखी, तो वे लोकेशन के आधार पर मौके पर गये तो उनको राजबाहे के पास एक खेत में रविंद्र खून से लथपथ मृत अवस्था में पड़ा लिया। देखते ही देखते मौके पर सैंकडों ग्रामीण आ गये तो सूचना मिलते ही उमरपुर पुलिस चौकी प्रभारी सुरेंद्र राव, एसएसआई ललित शर्मा और कोतवाल आनंद देव मिश्र मौके पर आ गये। उन्होंने ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली तो पता लगा कि आपस में कुछ पुरानी रंजिश थी, लेकिन मृतक बहुत ही सीधा सादा व्यक्ति था, जोकि अविवाहित था और अपने बूढ़े माता पिता के साथ रह रहा था। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर दोनों फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी। दोनों हत्यारे मोटर साईकिल पर सवार थे जो कि घटना को अंजाम देकर फरार हो गये।

## मां का खौफनाक कांड, अपने 4 साल के बेटे का पहले ताबीज से गला घोटा फिर दांतों से चेहरा चबा डाला



**कानपुर, 19 मई (एजेंसी)।** यूपी के कानपुर से एक खौफनाक घटना सामने आई है। कानपुर में एक शादीशुदा महिला गांव में रहने प्रेमी के साथ फरार हो गई थी। ससुरालीजनों के दबाव में महिला वापस लौटी। इसके बाद भी वह प्रेमी के संग रहने की जिद में अड़ी थी। इसी खुन्नस में महिला ने अपने साढ़े तीन साल के बेटे की गले में पड़ी ताबीज के धागे से गला घोंटा दिया। इसके बाद उसके चेहरे को दांतों से चबा डाला। इस रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना के बारे जिसने भी सुना हैरान रह गया। नरवल थाना क्षेत्र स्थित प्रतापपुर गांव निवासी सुशील यादव प्राइवेट फैक्ट्री कर्मी हैं। सुशील की शादी कई साल पहले फतेहपुर खागा निवासी मनीषा से हुई थी। सुशील का आरोप है कि महिला एक महीने पहले गांव में रहने वाले प्रेमी संग फरार हो गई थी। खोजबीन के बाद जानकारी हुई तो दबाव बनाकर तीन दिन पहले उसको घर लेकर आए, जबकि मनीषा प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ी रही। रविवार देर रात सुशील घर पर नहीं था। सुशील के पिता फूल सिंह यादव छत पर लेटे थे। इसी खुन्नस में मनीषा ने अपने चार साल के बेटे अनिरुद्ध की गले में पड़ी ताबीज के धागे से गला कर कसकर हत्या कर दी। इसके बाद उसके चेहरे को दांतों से चबा डाला। बेटे की हत्या करने बाद मनीषा ने बेटे के शव को छत पर बाबा के साथ लिटा दिया। उसके शव को चादर से ढक दिया और नीचे आकर खाना बनाने लगी। बाबा फूल सिंह को कुछ देर बाद शक हुआ। उन्होंने चादर हटाकर देखा तो बच्चे में किसी तरह की हलचल नहीं थी। उन्होंने शोर मचाया, तो ग्रामीण इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों ने बच्चे को मृत पाया। सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मनीषा को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में उसने बेटे की हत्या की बात कबूल कर ली। रविवार को रिश्तों को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। प्रेमी के प्यार में अंधी मां ने बाधा बने चार साल के इकलौते बेटे को मौत के घाट उतार दिया। मनीषा एक महीने पहले गांव के प्रेमी के साथ भाग गई थी। परिवार के साथ गांव वालों ने बेटे की दुहाई देते हुए दबाव बनाया, तो मनीषा तीन दिन पहले गांव लौट आई। इसके बाद भी मनीषा प्रेमी संग रहने की जिद पर अड़ी थी, लेकिन बेटा उसकी चाहत के आड़े आ रहा था।

## अपनी ही सत्ता फिर भी 'साले ढोंगी भाजपाई' कहने वाली सुधी श्रीवास्तव का अब तक नहीं कटा पत्ता

▸ गौसेवक नीशू ने महिला पशु चिकित्सा अधिकारी पर कार्यवाही न होने तक नंगे पैर रहने का लिया संकल्प




**मुजफ्फरनगर, 19 मई (बु.)।** भाजपा सरकार में मुजफ्फरनगर जिले के अंदर बड़ी ही हैरान कर देने वाली स्थिति दिख रही है। कभी भाजपा कार्यकर्ताओं को सड़कों पर अपमानित होने के बाद गुहार लगाकर पुलिस पर कार्यवाही करानी पड़ती है तो कभी भाजपा को ही वोट देने वाले हिन्दू संगठन कार्यकर्ताओं के साथ बदसलूकी करने वाले महिला पशु चिकित्सा अधिकारी को हटवाने के लिये दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं।

ऐसा ही वाकया सोमवार को तब दिखाई दिया जब नेताओं से हारकर हिन्दू संगठन से जुड़े व गौ सेवा करने वाले नीशू गौ सेवक अपने सहयोगियों अनुज, आकाश सैनी, अंकुर त्यागी, शुभम शर्मा, ललित कुमार आदि दर्जनों लोगों के साथ डीएम कार्यालय पहुंचे और भाजपाईयों को गाली 'साले' से सम्बोधित करने वाली एवं हिन्दू संगठनों को यह कहकर चैलेंज करने वाली कि तुम्हारे सामने अपने ब्लॉक के मुसलमानों को खड़ा कर दूंगी, तो तुम कुछ नहीं कर पाओगे। इससे भी भयावह बात कहने वाली बघरा ब्लॉक में तैनात पशु चिकित्सा अधिकारी सुधी श्रीवास्तव का पिछले 12 दिनों में पत्ता तक नहीं हिल पाया। हिन्दू संगठनों का कहना है कि प्रदेश व देश में भाजपा की सत्ता है, ऐसे में 12 दिन बीत जाने के बाद भी इतनी बदसलूकी करने वाली महिला अधिकारी पर किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं हो सकी। नीशू गौ सेवक ने बताया कि वे नेताओं और अधिकारियों दोनों से बात कर चुके हैं, दोनों पिछले 12 दिनों से यह कहकर तसल्ली दे रहे हैं कि यह काम तो शासन का है या फिर पशु चिकित्सा विभाग से जुड़े मंत्रियों का, लेकिन न तो शासन अब तक कुछ करने में सफल रहा है और न ही मंत्री ही कुछ कर पा रहे हैं। ऐसे में उन्होंने आज डीएम कार्यालय पहुंचकर तब तक नंगे पैर रहने का संकल्प लिया है, जब तक सुधी श्रीवास्तव के खिलाफ कार्यवाही नहीं हो पाती। अब देखना यह होगा कि धीरे-धीरे अपनी ही सत्ता से नाराज होते भाजपा कार्यकर्ता एवं हिन्दू संगठन कब तक एक ही पार्टी के भरोसे सिर्फ हिन्दुत्व के नाम पर इनके साथ गठजोड़ रखेंगे। अनुमान तो यही है कि जैसी निराशा हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं व भाजपा कार्यकर्ताओं को हो रही है, उस हिसाब से 2027 में मुजफ्फरनगर जिले की विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने वालों का हाल बेहाल ही दिखाई देगा। हालांकि नेताओं को ये सब तरकीब आती है कि किस तरह से आम जनता और अपने ही कार्यकर्ताओं को फिर एक बार चुनाव जीतने के लिए उन्हें कैसी मीठी गोली देनी है। फिलहाल तो अपनी ही सरकार में कभी गौवंशों के लिए, कभी चौराहों पर चालान न काटने के लिए आए दिन कार्यकर्ताओं को जूझना पड़ रहा है। फिलहाल मुजफ्फरनगर जिला राम भरोसे ही चल रहा है।


## तेज रफ्तार से दौड़ रहे वाहन, भयंकर दुर्घटना में गयी एक की जान, दो रैफर







**चरथावल, 19 मई (बु.)।** रविवार की शाम उस समय एक बड़ा हादसा हो गया, जब चरथावल थाना क्षेत्र के गांव लुहारी खुर्द के रहने वाले तीन युवक अपने ही गांव लुहारी से किसी काम के लिए मुजफ्फरनगर की ओर जा रहे थे। एकाएक अमीनगर के निरधना मोड़ पर उक्त युवकों की कार अनियंत्रित हुई और तेज रफ्तार के साथ सड़क किनारे खड़े एक पेड़ से टकरा गयी। कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि टक्कर लगते ही कार के परखचे उड़ गए और कार चलाने वाला युवक स्टेयरिंग और सीट के बीच फंसकर रह गया। दुर्घटना में मौके पर ही 20 वर्षीय सैफ की मौत हो गयी हालांकि दुर्घटनास्थल से उसे यह मानकर ले जाया गया कि उसकी हालत गंभीर है, मगर प्रत्यक्षदर्शियों का बताना है कि सैफ ने घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया था। कार में बैठे अन्य दो युवक अर्सलान पुत्र मुकम्मिल और आरिफ पुत्र मुजफ्फरनगर गंभीर घायल हो गए, जिनमें से एक युवक का पैर बुरी तरह से जख्मी हो गया। दोनों युवकों को जिला चिकित्सालय लाया गया तो एक युवक के पैर को उपचार देकर दोनों को मेरठ के लिए रैफर कर दिया गया। फिलहाल दुर्घटना के मामलों की जांच की जा रही है। माना जा रहा है कि या तो युवक को कार चलाते समय झपकी आई है या फिर एकाएक एक्सीलेटर पर पैर रखा गया, फिलहाल उक्त हादसे से चरथावल थाना क्षेत्र के गांव निरधना में शोक का माहौल है।








1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## सिलीगुड़ी कॉरिडोर पर चीन की नजर

सिलीगुड़ी कॉरिडोर भारत का बहुत छोटा लेकिन बहुत महत्वपूर्ण भू भाग है। इस महत्वपूर्ण भू भाग को चिकन नेक भी कहते हैं इस पर चीन की नजर है। आपरेशन सिंदूर के बाद अपने हथियारों की पाकिस्तान में हुई दुर्गति को देख कर चीन छटपटा रहा है, उसके शैतानी दिमाग में खुराफात चल रही है, इसमें उसका दोस्त बांग्लादेश उसकी मदद कर रहा है, लेकिन युगों-युगों का इतिहास गवाह है कि वक्त के शैतान, समय के दैत्य कभी कामयाब नहीं हुए, हाँ कुछ समय के लिए उन्होंने अट्टहास किया, परेशान किया, लेकिन फिर मिट्टी में मिल गए। अब चीन बांग्लादेश में, बांग्लादेश के सहयोग से भारत को परेशान करने के लिए कुछ हरकतें करने की सोच रहा है। चीन के कुछ अधिकारियों ने बांग्लादेश का दौरा किया है, तभी से चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार में चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस पिछले महीने चीन दौरे पर पहुंचे। वहां उन्होंने बांग्लादेश में आर्थिक निवेश बढ़ाने को कहा और सिलीगुड़ी कॉरिडोर का जिक्र किया। इसके बाद से कॉरिडोर की सुरक्षा को लेकर चर्चाएं चल रही हैं। भारत और बांग्लादेश के रिश्ते फिलहाल बुरे दौर से गुजर रहे हैं। बांग्लादेश की चीन से करीबी बढ़ रही है, मोहम्मद यूनुस लगातार भारत विरोधी बयानबाजी कर रहे हैं। बांग्लादेश में अभी अंतरिम सरकार है, जिसकी कोई संवैधानिक वैधता नहीं है। ये बात खुद इस सरकार से जुड़े लोग मानते हैं। मोहम्मद यूनुस अपनी बिसात से बाहर आकर ऐसे बयान दे रहे हैं। ये जानबूझकर उकसाने वाले बयान हैं। भारत सरकार जानती है कि भारत विरोधी तत्वों और बाहर से दोस्त दिखने वाले भीतर से दुश्मन होने वाले तत्वों से कैसे निपटना है, उन्हें कैसे सबक सिखाना है और उनका सफाया कैसे करना है। चीन भी अब जो करेगा परिणाम के बारे में सोच कर ही करेगा। चीन भी सामने से लड़ने के बजाए किसी और की शक्ल के पीछे से लड़ेगा यही उसकी नीति रही है। निश्चित रूप से भारत सरकार इन दोनों से सावधान है। सिलीगुड़ी कॉरिडोर लगभग 22 किलोमीटर चौड़ा है, भारत का ये हिस्सा नॉर्थ-ईस्ट के आठ राज्यों को बाकी देश से जोड़ता है। गलियारा इसलिए भी संवेदनशील है, क्योंकि इससे तीन देशों बांग्लादेश, नेपाल और भूटान की सीमाएं सटी हैं। तीनों ही चीन की गुडबुक में आने की होड़ लगाए हुए हैं। कुल मिलाकर,यह चिकन नेक के आकार वाला हिस्सा फिलहाल देश का सबसे नाजुक भाग बना हुआ है। क्रॉस बॉर्डर आवाजाही और तस्करी कथित तौर पर यहां आम है। विशेषज्ञों के अनुसार, यही वह क्षेत्र है, जिसे निशाना बनाकर भारत को रणनीतिक रूप से अलग-थलग करने की साजिशें रची जाती हैं। यूनुस कोई कूटनीति के मंझे खिलाड़ी नहीं हैं। वो भावनाओं में बहकर बांग्लादेश को बंगाल की खाड़ी का इकलौता संरक्षक बता गए। आज भी बांग्लादेश की निर्भरता भारत पर सबसे ज्यादा है, यूनुस को ये ध्यान रखना चाहिए। चीन को आर्थिक निवेश के लिए आकर्षित करने के लिए यूनुस ये बयानबाजी कर रहे हैं। सत्ता बदलने के बाद से बांग्लादेश की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। निवेश के लिए बांग्लादेश चीन पर निर्भर हो गया है। चीन ये बात अच्छी तरह समझता है। इसीलिए चीन ने बांग्लादेश में तेजी से निवेश बढ़ाया है। चिन्ता की बात यह है कि बांग्लादेश की अंतरिम यूनुस सरकार ने चीन के लिए रणनीतिक रूप से अहम लालमोनिरहाट क्षेत्र में एयरबेस निर्माण की अनुमति दी है। अब तक यह स्पष्ट नहीं है कि यह एयरबेस सिर्फ नागरिक उड्डयन के लिए होगा या सैन्य इस्तेमाल के लिए भी। चीन के अधिकारियों द्वारा हाल ही में लालमोनिरहाट का दौरा किया गया है, जिससे अटकलें तेज हो गई हैं कि परियोजना के पीछे एक रणनीतिक एजेंडा भी हो सकता है। यह इलाका भारत के सिलीगुड़ी कॉरिडोर के बेहद करीब है, जिससे भारत की सुरक्षा चिंताएं बढ़ गई हैं। लालमोनिरहाट एयरबेस की स्थापना 1931 में ब्रिटिश राज के दौरान हुई थी और द्वितीय विश्व युद्ध के समय यह मित्र सेनाओं के लिए एक सक्रिय संचालन केंद्र रहा। यह 1,166 एकड़ में फैला है, जिसमें एक 4 किलोमीटर लंबा रनवे, टरमैक, हैंगर और टैक्सीवे शामिल है। हालांकि यह एयरबेस पिछले कई दशकों से निष्क्रिय है, लेकिन 2019 में बांग्लादेश सरकार ने यहां एविएशन और एयरोस्पेस यूनिवर्सिटी स्थापित करने की योजना बनाई थी, जिसे बांग्लादेश वायु सेना संचालित करती है। अब, चीन के तकनीकी और आर्थिक सहयोग से इसे फिर से चालू करने की योजना बनाई जा रही है। यह एयरबेस भारत-बांग्लादेश सीमा से महज 12 से 15 किलोमीटर दूर स्थित है और भारत के लिए बेहद संवेदनशील माने जाने वाले सिलीगुड़ी कॉरिडोर यानी चिकन नेक से करीब 135 किलोमीटर दूर है। सुरक्षा विश्लेषकों का मानना है कि युद्ध की स्थिति में पाकिस्तान, चीन के साथ मिलकर इस क्षेत्र को टारगेट कर सकता है। यही वजह है कि ऑपरेशन सिन्दूर के बाद यहां चौकसी और बढ़ा दी गई है। गृह मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, सीमा पर मादक पदार्थों, हथियारों और नकली नोटों की तस्करी रोकने के लिए पहले से ही विशेष नजर रखी जा रही है, लेकिन अब निगरानी को और कड़ा किया गया है। सीमा की कमजोरियों का फायदा उठाकर आतंकियों की घुसपैठ की आशंका को देखते हुए अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए जा रहे हैं। गृहमंत्री अमित शाह ने भी हालात की गंभीरता को देखते हुए चेतावनी दी थी कि शत्रु को कभी कमजोर न समझें'। गृह मंत्रालय ने सभी अर्धसैनिक बलों जैसे बीएसएफ, सीआरपीएफ, आईटीबीपी, एसएसबी और सीआईएसएफ के जवानों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं और सभी को ड्यूटी पर लौटने के निर्देश दिए गए हैं। यदि लालमोनिरहाट में चीन की सैन्य उपस्थिति स्थापित होती है, तो यह भारत के लिए एक गंभीर सुरक्षा चुनौती उत्पन्न कर सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह चीन की 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' रणनीति का हिस्सा हो सकता है, जिसके तहत वह हिंद महासागर क्षेत्र में अपने प्रभाव का विस्तार कर रहा है। इससे भारत की पूर्वी सीमाओं पर दबाव बढ़ सकता है। हाल ही में बांग्लादेशी पायलटों को पाकिस्तान भेजकर जेएफ-17 लड़ाकू विमानों की ट्रेनिंग दी गई है, जो चीन और पाकिस्तान द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किए गए हैं। इसके अलावा, चीन ने बांग्लादेश को उपग्रह, मिसाइल प्रणाली और अन्य रक्षा उपकरणों की आपूर्ति की है, इन सब पर भारत की नजर है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'झगड़ा' 'नेता' 'अदा' 'अक़्ल'

दो नेताओं में झगड़ा है तुमको ये मालूम नहीं।
हर नेता की एक अदा है तुमको ये मालूम नहीं।
बेमतलब की उल्टी सीधी वो जो बातें करता है,
अक़्ल से उसका रिश्ता क्या है तुमको ये मालूम नहीं।


।। शोक सन्देश।।



अत्यन्त दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूजनीय माताजी **श्रीमती मितलेश देवी** धर्मपत्नी श्री नरेन्द्र कुमार (कुमार मेडिकल वाले) का स्वर्गवास दिनाँक 10 मई 2025 दिन शनिवार को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी। जिनकी आत्मा शान्ति के लिये रस्म तेरहवीं 21 मई 2025 दिन बुधवार को होनी निश्चित हुई है।

कार्यक्रम

21 मई 2025 दिन बुधवार

| | | |
|---|---|---|
| हवन | - | 08 बजे प्रातः |
| ब्रह्मभोज | - | 11 बजे प्रातः |
| शोक सभा | - | 02 बजे दोपहर |

शोकाकुल परिवारः-
श्री सचिन गोयल (पुत्र)
आरव गोयल (पौत्र)
एवं समस्त गोयल परिवार

कार्यक्रम स्थलः-
अग्रवाल धर्मशाला
मुंगलापुरी मण्डी, कस्बा शाहपुर, जिला मु० नगर
मो०: 8279596460, 9411276905, 7505342230


# डीएम उमेश मिश्रा ने किसानों को किया सम्मानित, दी बधाई





**मुजफ्फरनगर, 19 मई (बु.)।** डीएम उमेश मिश्रा ने जानसठ ब्लॉक के ग्राम नाईपुरा के कृषक जगराज सिंह एवं मीरापुर दलपत के कृषक उधम सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने किसानों को सम्मानित करते हुए आह्वान किया कि आप अपने ही जैसे कम से कम 100 कृषकों को एकीकृत मॉडल तैयार करने के लिए प्रेरित करें, ताकि जनपद में बेरोजगार युवकों को रोजगार प्राप्त होने के साथ स्वयं की आय के साथ-साथ जनपद की कृषि आय में वृद्धि कर सकें। उन्होंने डीडी कृषि को निर्देशित किया कि इस प्रकार के समस्त ऐसे युवा या कृषक जो स्वःरोजगार करना चाहते हैं, उनको मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजनान्तर्गत पंजीकृत कराने के निर्देश दिए। ग्राम नाईपुरा निवासी किसान जगराज सिंह करीब 16 एकड़ भूमि में खेती कर रहे हैं, जिसमें 5 एकड में मक्का, करीब 7 एकड़ में तरबूज व खरबूजे की खेती, 4 एकड़ खेत में हरी मिर्च की खेती कर रहे हैं। जगराज सिंह के खेत पर उद्यान विभाग द्वारा अनुदानित ड्रिप सिस्टम एवं कृषि विभाग द्वारा पीएम कुसुम योजना के अन्तर्गत 5 एचपी का सोलर पम्प स्थापित है। श्री सिंह का दावा है कि प्रति एकड़ तरबूजे व खरबूज से हमें लगभग 50 हजार का लाभ प्राप्त होता है। इसके बाद इसमें खरीफ मक्का उत्पादन करके 50 हजार रुपए प्रति एकड़ बचत होती है। पुनः रबी मौसम में खेत में सब्जी का उत्पादन कर करीब 50 हजार रुपए की बचत के चलते वर्षभर में एक एकड़ से 1 से 1.50 लाख रुपए की बचत होती है। वहीं मक्का, आलू और मेथी उत्पादन कर प्रति एकड़ 1.50 लाख रुपए तक वार्षिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं। इनके द्वारा बताया गया कि ड्रिप सिचाई के साथ उर्वरक का उपयोग करते हैं जिससे उर्वरक खपत में बचत होती है। डीएम ने कृषक जगराज सिंह को सुझाव दिया कि आप अपने क्षेत्र में इसी प्रकार से कम से कम 100 कृषकों को प्रेरित करें। अभी तक क्षेत्र के 8-10 किसानों द्वारा सैकड़ों एकड़ मक्का, मिर्च, तरबूज व खरबूजे की खेती होती है।

उधर मीरापुर दलपत के किसान उधम सिंह एक एकड़ तालाब में मत्स्य पालन कर रहे हैं। साथ ही कड़क नाथ मुर्गीपालन एवं तालाब के बन्धे पर औद्यानिक फसल पपीता व अन्य सब्जी का उत्पादन कर आय बढ़ाई जा रही है। उक्त तालाब पर मत्स्य पालन विभाग द्वारा अनुदान प्राप्त किए जाने के साथ इन्हें मत्स्य पालन का तकनीकी प्रशिक्षण विभाग द्वारा दिया गया है। श्री सिंह द्वारा पशुपालन औद्यानिक फसल आदि का एकीकृत मॉडल बनाने की योजना है। इन्होंने प्रतिवर्ष तालाब से लगभग 2 लाख का लाभ प्राप्त किया है। तालाब के बन्धे पर लगे पपीते भी आय का साधन बन रहे हैं, वहीं मुर्गी पालन कार्य अभी प्रारम्भिक अवस्था में है।

# टाउनहाल में भाकियू ने किया हंगामा, ईओ दफ्तर में दिया धरना

## - एकता विहार गेट नहीं हटाए जाने पर जताया आक्रोश - सभासद को दिया था नोटिस, अवैध निर्माण ध्वस्त करने की मांग



**मुजफ्फरनगर, 19 मई (बु.)।** किसान संगठन की जिला इकाई ने एकता विहार कॉलोनी में बनाए एंट्री गेट को नहीं हटवाए जाने के विरोध में टाउनहॉल पहुंचकर हंगामा किया। एकता विहार के निवासियों के साथ पहुंचे संगठन ने शिकायत के बाद भी कार्यवाही नहीं करने पर ईओ कार्यालय में धरना शुरू कर दिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने रोष जताते हुए कहा कि गेट के कारण कॉलोनी में आवागमन के लिए परेशानी हो रही है। यह गेट पूर्णतः अवैध है और इसको पालिका प्रशासन सभासद को संरक्षण देते हुए नहीं हटवा रहा है। किसान संगठन के युवा प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ता के साथ ही एकता विहार के लोग सोमवार को टाउनहाल में पहुंचे और मौहल्ले में बनाये अवैध गेट का ढांचा ध्वस्त नहीं करने को लेकर रोष जताया। ये लोग ईओ कार्यालय पर पहुंचे और वहां पर गेट बंद मिलने पर कर्मियों के समक्ष ही कार्यालय का दरवाजा खोलकर अंदर घुसकर धरना शुरू कर दिया। नीचे फर्श पर बैठे इन कार्यकर्ताओं ने पालिका प्रशासन के खिलाफ भी नारेबाजी की। हंगामे की जानकारी पर पुलिस और एलआईयू कर्मचारी भी ईओ कार्यालय पहुंच गये थे। इस दौरान लोगों ने पालिका प्रशासन पर इस अवैध गेट को ध्वस्त कराने के लिए कोई भी कार्यवाही नहीं करने पर रोष जताया। किसान संगठन के प्रदेशाध्यक्ष ने बताया कि मौ. एकता विहार कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर वर्तमान सभासद सुनीता पत्नी प्रमोद कुमार ने करीब 3 माह पूर्व इस गेट का निर्माण कराया था, जो पूरी तरह से अवैध है। सभी कॉलोनी वासी इस अवैध गेट से परेशान हैं और स्कूल बस को आने जाने में भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गेट बन जाने से 25 फीट चौड़ी सड़क में प्रवेश ही संकरा हो गया है। इस अवैध गेट को हटाने के लिए 10 फरवरी में एई निर्माण द्वारा सभासद को नोटिस जारी करते हुए हटाने के लिए कहा था, लेकिन न सभासद ने गेट हटवाया और न पालिका ने कार्यवाही की। इसी को लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। धरने पर प्रदर्शनकारियों की ओर से ईओ को बुलाने की मांग की गई, इसी बीच पुलिस कर्मी और एलआईयू के कर्मचारी भी वहां पहुंच गये थे। दोपहर तक ईओ कार्यालय में धरना चलता रहा।प्रदर्शनकारियों ने यहां भोजन भी किया और दो बजे पालिका प्रशासन जगाओ यात्रा निकालने का ऐलान कर दिया। इसके बाद ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह के आदेश पर कार्यवाहक कर अधीक्षक पारूल यादव ने ईओ कार्यालय में जाकर प्रदर्शनकारियों से वार्ता करते हुए उनका ज्ञापन लेते हुए आश्वासन दिया कि जल्द पालिका स्तर से कार्यवाही की जायेगी।



उधर ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि सोमवार में सहारनपुर में नगर विकास विभाग के विशेष सचिव महेन्द्र बहादुर सिंह द्वारा मंडल के सभी निकायों के ईओ की बैठक बुलाई गई थी, वो सवेरे ही सहारनपुर के लिए निकल गई थी। वहीं पर उन्हें पता चला कि कार्यालय में धरना चल रहा है। इस मामले में सभासद को निर्माण विभाग की ओर से 2 नोटिस भेजे जा चुके हैं। गेट निर्माण पालिका ने नहीं कराया है, वो पूरी तरह से अवैध है।

# जम्मू-कश्मीरः प्रमुख बुनियादी ढांचे की सुरक्षा के लिए 4000 पूर्व सैनिकों की तैनाती को मंजूरी



**जम्मू, 19 मई (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के सैनिक कल्याण बोर्ड ने केंद्र शासित प्रदेश में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा के लिए पूर्व सैनिकों की तैनाती का प्रस्ताव रखा था। इस प्रस्ताव को अब जम्मू-कश्मीर सरकार ने औपचारिक रूप से मंजूरी दे दी है। यह समुदाय आधारित सुरक्षा को मजबूत करने और पूर्व सैन्य कर्मियों की क्षमताओं का दोहन करने की दिशा में बड़ा कदम है। पीआरओ रक्षा (जम्मू) सुनील बर्तवाल ने एक बयान में इस फैसले की जानकारी दी। स्वीकृत योजना के अनुसार, इस पहल के लिए 4,000 भूतपूर्व सैनिक वॉलंटियर्स की पहचान की गई है। उनमें से 435 पूर्व सैन्यकर्मियों के पास लाइसेंसी व्यक्तिगत हथियार हैं, जो स्थानीय सुरक्षा स्थितियों का प्रभावी ढंग से जवाब देने की क्षमता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाते हैं। पीआरओ डिफेंस ने कहा कि इन भूतपूर्व सैनिकों को जम्मू-कश्मीर के सभी 20 जिलों में बिजली स्टेशनों, पुलों, सरकारी प्रतिष्ठानों और अन्य संवेदनशील बिंदुओं सहित महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा के लिए तैनात किया जाएगा। यह पहल कोविड-19 महामारी के दौरान पिछली सफलता पर आधारित है, जब 2,500 पूर्व सैनिकों ने प्रशासन का समर्थन करने के लिए स्वेच्छा से काम किया था। भूतपूर्व सैनिक वॉलंटियर्स की संख्या बढ़कर 4,000 हो गई। यह वृद्धि दिग्गजों के बीच सेवा की बढ़ती भावना और सरकार और स्थानीय लोगों द्वारा उन पर जताए गए भरोसे को दर्शाती है। प्रस्ताव के मुताबिक, भूतपूर्व सैनिक वॉलंटियर्स संबंधित जिला सैनिक कल्याण अधिकारियों (डीएसडब्ल्यूओ) के समन्वय के तहत काम करेंगे। वे जिला प्रशासन और स्थानीय पुलिस के साथ निकट समन्वय में काम करेंगे। उनकी भूमिका गैर-लड़ाकू है, जो स्थिर गार्ड कर्तव्यों, उपस्थिति-आधारित निवारण और स्थानीय समन्वय पर ध्यान केंद्रित करते हैं। जिला अधिकारियों के प्रशासनिक सहयोग से सैनिक कल्याण बोर्ड के जरिये वर्दी और बुनियादी उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। मानकीकृत आचरण और दक्षता सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण और ओरिएंटेशन प्रोग्राम की योजना बनाई जा रही है। यह पहल न केवल भूतपूर्व सैनिक समुदाय के अनुशासन, अनुभव और प्रतिबद्धता का उपयोग करती है, बल्कि समावेशी और सहभागी सुरक्षा का एक मॉडल भी पेश करती है। यह युद्ध के मैदान से परे सेवा की भारतीय सेना की विरासत को और मजबूत करता है, जम्मू कश्मीर में नागरिक समाज और स्थानीय शासन संरचनाओं में सार्थक योगदान देता है।

# उद्योग व्यापार संगठन पदाधिकारियों द्वारा मध्यम व छोटे व्यापारियों के उत्पीड़न के विरोध में ज्वाइंट कमिश्नर एसआईबी से की मुलाकात



**मुजफ्फरनगर, 19 मई (बुस.)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन रजि के एक प्रतिनिधिमंडल जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष मंडल प्रभारी कृष्ण गोपाल मित्तल, अध्यक्ष संयुक्त व्यापार संघर्ष समिति संजय मिश्रा, प्रदेश मंत्री सरदार बलविंदर सिंह, जिला अध्यक्ष राकेश त्यागी, संयोजक सुखबीर सिंह,जिला युवा अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह, जिला युवा महामंत्री भूपेंद्र गोयल द्वारा जॉइंट कमिश्नर एसआईबी सिद्धेश दीक्षित से उनके कार्यालय में मुलाकात की गई। प्रतिनिधिमंडल में शामिल व्यापारी नेताओं द्वारा जॉइंट कमिश्नर एसआईबी से कहा कि जीएसटी विभाग द्वारा मध्यम एवं छोटे व्यापारियों ढाबे वाले, समोसे वाले को निशाना बनाते हुए उत्पीड़नात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है। छोटा व्यवसाय करने वाले ज्यादातर दुकानदार ज्यादा पढ़े-लिखे भी नहीं होते हैं। इसके सापेक्ष व्यापारियों द्वारा रिकॉर्ड जीएसटी संग्रह विभाग को प्रेषित किया जा रहा है। अगर विभाग द्वारा इस तरह छोटे व्यापारियों पर उत्पीड़न की कार्यवाही की जाएगी तो सड़कों पर उतरकर इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। जॉइंट कमिश्नर दीक्षित द्वारा बताया गया कि हम मध्यम या छोटे व्यापारियों पर कदापि भी छापे की कार्यवाही नहीं करना चाहते हैं, परंतु जब शिकायतकर्ता ऊपर से शिकायत करता है, तो उस पर संज्ञान लेना पड़ता है, जिस पर प्रतिनिधिमंडल में शामिल व्यापारी नेताओं द्वारा कहा गया कि रंजिशन तौर पर किसी व्यापारी की शिकायत अगर कोई करता है, तो आप पहले व्यापारी को नोटिस जारी करें, इस तरह की छापामार कार्यवाही उचित नहीं है। व्यापारी के कंधों पर अपने पूरे परिवार के जीवन निर्वहन का भार होता है, इस तरह की कार्यवाही से मध्यम व छोटे व्यापारी घबराकर टेंशन में आ जाते हैं और वह डिप्रेशन तक के शिकार हो जाते हैं, जिसका असर उनके पूरे परिवार पर पड़ता है। जॉइंट कमिश्नर दीक्षित द्वारा सभी बातों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए व्यापारियों व विभाग के बीच सामंजस्य बनाने की बात कही गई।

## बुढ़ाना पुलिस ने 02 वारंटियों को भेजा जेल

**बुढ़ाना, 19 मई (बु.)।** स्थानीय पुलिस ने अलग अलग स्थानों से विभिन्न आपराधिक मामलों में वांछित चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र के नेतृत्व में बुढ़ाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक वारंटी मनोज पुत्र मलखान निवासी मौहल्ला पछाला पूर्वी बुढ़ाना को उसके मकान से अरेस्ट किया है, जबकि परासौली पुलिस चौकी के प्रभारी सुमित कुमार सिंह ने हैड कांस्टेबल राजकुमार और कांस्टेबल जितेंद्र कुमार की मदद से एक अन्य वारंटी गुलाब पुत्र बनी सिंह निवासी ग्राम हरियाखेड़ा बुढ़ाना को उसके घर से गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया है।

# एम.जी. पब्लिक में मना बैगलेस डे



**मुजफ्फरनगर, 19 मई (बु.)।** एम.जी. पब्लिक स्कूल में बच्चों को बस्ते के भारी बोझ से निजात दिलाकर खेल-खेल में व्यावहारिक ज्ञान की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से दो दिवसीय बैगलेस-डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें नर्सरी से कक्षा-2 के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ प्रतिभाग करते हुए खेल एवं कला सहित अन्य गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का सराहनीय प्रदर्शन किया। एम.जी. पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने बताया कि विद्यालय के प्राइमरी विंग में नर्सरी से कक्षा-2 तक के छात्र-छात्राओं के लिए दो दिवसीय बैगलेस-डे का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने किताबों के तनाव से अलग मस्ती भरे वातावरण में रचनात्मकता और व्यावहारिक शिक्षा से भरपूर बैगलेस डे का पूरा आनंद लिया। इस दौरान बच्चों को बेलैंसिंग, नॉन फायर कुकिंग, कला, क्राफ्ट, गेम्स और कहानियों के साथ ही अन्य गतिविधियों में शामिल करते हुए उनको बिना किताबों के व्यावहारिक ज्ञान दिया गया। इसके साथ ही कला के माध्यम से बच्चों ने सुन्दर चित्र बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। नॉन फायर कुकिंग के सहारे बच्चों को फल और सब्जी की सलाद, नींबू पानी, शरबत आदि बनाना सिखाया गया। प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने अपने संदेश में कहा कि बच्चों के लिए यह एक ऐसा स्वप्निल अवसर था, जबकि वो अपने भारी स्कूल बैग के बोझ से मुक्त रहकर पाठ्यपुस्तकों और नोट बुक के बजाय खेल, कला, नृत्य और भिन्न-भिन्न गतिविधियों के सहारे सीखने की अपनी प्रतिभा को और सक्षम बनाने के लिए उत्साह और आनंद से परिपूर्ण नजर आते हैं। बच्चों ने दो दिवसीय कार्यक्रम में मौज मस्ती के बीच ही अपनी रचनात्मकता को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में प्राइमरी विंग की शिक्षिकाओं और स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा।


**मकान बिकाऊ है**

दो मकान 100-100 गज के, सभी सुविधाओं से युक्त, मकान नम्बर 138, 139 गंगारामपुरा, कच्ची सड़क, मुजफ्फरनगर। सम्पर्क करें- M.9411032755



**किराये हेतु खाली गोदाम**

मेरठ रोड पर वेदान्ता फार्म के सामने एक गोदाम 900 वर्ग गज में एवं एक गोदाम 1300 वर्ग गज में तथा एक गोदाम शामली रोड बाईपास पर 1700 वर्ग गज में आफिस व शेड बना हुआ है।

इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें:- **श्री दुर्गा स्टील्स**
राजकुमार गुप्ता (एडवोकेट)
M.9837822305, 9045122305


# पाकिस्तान खाली पेट लहरा रहा हथियार, 1.1 करोड़ पाकिस्तानी दाने-दाने को मोहताज, 21 लाख बच्चे गंभीर कुपोषित



**पाकिस्तान, 19 मई (एजेंसी)।** पाकिस्तान एक तरफ उधार लेकर हथियार खरीदता है। वहीं वहां के 1.1 करोड़ लोग दाने-दाने को तरस रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन ने अपनी लेटेस्ट रिपोर्ट में बताया है कि नवंबर 2024 से मार्च 2025 तक पाकिस्तान में खाद्य असुरक्षा का उच्च स्तर बना हुआ है, जिसमें 1.1 करोड़ लोगों को असुरक्षा का सामना करने का अनुमान है. यह रिपोर्ट पाकिस्तान के अखबार डॉन ने छापी है। शुक्रवार, 16 मई को संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन द्वारा प्रकाशित खाद्य संकट पर 2025 की वैश्विक रिपोर्ट के हवाले से, डॉन ने बताया कि बलूचिस्तान, सिंध और खैबर पख्तूनख्वा के 68 बाढ़ प्रभावित ग्रामीण जिलों में 11 मिलियन लोगों या विश्लेषण की गई आबादी के 22 प्रतिशत को तीव्र खाद्य असुरक्षा का सामना करने का अनुमान है। इसमें आपातकाल की स्थिति में जी रहे 17 लाख लोग शामिल हैं। डॉन ने रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि 2024 के शिखर (पीक) और 2025 के वर्तमान विश्लेषण के बीच जनसंख्या कवरेज में 38 प्रतिशत की वृद्धि हुई। 25 नए जिले सर्वे में जुड़ गए, जिससे लोगों की संख्या 36.7 मिलियन लोगों से बढ़कर 50.8 मिलियन लोगों तक चली गई। इसलिए 2024 के शिखर और 2025 के प्रोजेक्शन की तुलना नहीं की जा सकती। इसमें आगे कहा गया है कि पिछले साल की तुलना में स्थिति में सुधार होने के बावजूद चरम मौसम की स्थिति पाकिस्तान के लोगों की आजीविका को प्रभावित करेगी। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि पाकिस्तान में 2024 का शिखर 2023 जैसा ही रहा, नवंबर 2023 और जनवरी 2024 के बीच 11.8 मिलियन लोगों को उच्च स्तर की तीव्र खाद्य असुरक्षा का सामना करना पड़ा। रिपोर्ट का हवाला देते हुए, इसमें आगे कहा गया है कि पाकिस्तान ने बलूचिस्तान और सिंध के विश्लेषित क्षेत्रों में 2018 और 2024 की शुरूआत के बीच तीव्र कुपोषण के लगातार उच्च स्तर का अनुभव किया। वैश्विक तीव्र कुपोषण का प्रसार लगातार 10 प्रतिशत से ऊपर रहा और कुछ जिलों में 30 प्रतिशत से अधिक तक पहुंच गया। रिपोर्ट के अनुसार, सर्दियों के मौसम के दौरान बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा और सिंध के 43 ग्रामीण जिलों में 1.18 करोड़ लोगों या विश्लेषण की गई आबादी के 32 प्रतिशत को उच्च स्तर की तीव्र खाद्य असुरक्षा का सामना करने का अनुमान लगाया गया था। उनमें से 22 लाख नवंबर 2023 से जनवरी 2024 के दौरान एकीकृत खाद्य असुरक्षा चरण वर्गीकरण (आईपीसी) के तहत आपातकालीन स्थिति में थे। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि मार्च 2023 और जनवरी 2024 के दौरान गंभीर कुपोषण के बोझ ने 6 से 59 महीने की उम्र के 21 लाख बच्चों को प्रभावित किया. बच्चों का आहार अपर्याप्त गुणवत्ता और मात्रा का था, जिससे गंभीर खाद्य असुरक्षा बढ़ गई, जो सर्दियों के महीनों के दौरान और भी बदतर हो गई जब खाद्य कीमतें अधिक होती हैं, आजीविका के अवसर प्रतिबंधित होते हैं और बाजारों तक पहुंच कम हो जाती है। यह भी बताया गया कि गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं में तीव्र कुपोषण का बड़े स्तर प्रसार था, जिसके साथ विशेष रूप से सिंध और खैबर पख्तूनख्वा में कम वजन वाले बच्चे भी पैदा हो रहे थे। दस्त, तीव्र सांस से जुड़े संक्रमण और मलेरिया का स्तर उच्च था, जो सर्दियों के महीनों के दौरान बदतर हो गया. डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, स्वच्छता सुविधाओं और सुरक्षित पेयजल की अपर्याप्त कवरेज एक महत्वपूर्ण चिंता थी, आंशिक रूप से 2022 में भारी मानसून बाढ़ के बाद।

## घर में घुसकर दुष्कर्म के प्रयास का आरोप, मुकदमा दर्ज

**मीरापुर, 19 मई (बु.)।** एक व्यक्ति ने अपने ही गांव के एक युवक पर घर में अकेली मौजूद अपनी पत्नी के साथ जबरन दुष्कर्म का प्रयास करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी। क्षेत्र के गांव नरसिंहपुर निवासी एक व्यक्ति ने थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह रविवार को गांव से बाहर एक मौत में गया हुआ था तथा उसकी पत्नी घर पर अकेली थी। आरोप है कि उसकी पत्नी को घर में अकेला देखकर रात्रि में गांव का ही एक युवक उसके घर में घुस गया और उसके साथ अश्लील हरकत करते हुए दुष्कर्म का प्रयास किया, जिस पर उसकी पत्नी की आंख खुल गयी तथा उसने शोर मचा दिया, तो आसपास रहने वाले कई ग्रामीण वहाँ आ गए और आरोपी युवक को पकड़ लिया तथा पुलिस को मामले की सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपी युवक को पकड़कर थाने ले आयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दुष्कर्म के प्रयास का आरोप लगाने वाली महिला को 164 के बयान दर्ज कराने के लिए न्यायालय भेज दिया। मामले में इंस्पेक्टर बबलू कुमार वर्मा ने बताया कि उक्त प्रकरण में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और कार्यवाही की जा रही है।


**आवश्यक सूचना**

**सिंघल नर्सिंग होम**
**डॉ. हेमी सिंघल**
M.B.B.S. (MAMC), DGO (LHMC)
Diplomate American Board of Family Medicine
Diplomate American Board of Obesity Medicine
PG Diploma Diabetes & Endocrinology (UK)
Consultant Endocrinologist & Weight Loss Specialist

दिनांक 21-05-2025, दिन -बुधवार को
**डॉ. हेमी सिंघल**
शुगर, थाइरोइड, Pcos, मैडिकल वेटलॉस B.P., कोलेस्ट्रॉल आदि के मरीजों को देखेंगी।
नाम लिखवाने के लिए सम्पर्क करें
**सिंघल नर्सिंग होम**
कम्पनी बाग के सामने, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर
M.9837082912, 8800567610
समयः- प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक

